निवाली में अपात्र प्रभारी बीइओ को लेकर विवाद तेज

▶ हाईकोर्ट में जनहित याचिका की तैयारी

निवाली (नवभारत)। विकासखंड निवाली में विखं शिक्षा अधिकारी (बीइओ) के अतिरिक्त प्रभार को लेकर गंभीर विवाद सामने आया है। आदिवासी विकास मंच के कार्यकर्ताओं एवं अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया है कि वर्तमान में विनोद पाटीदार द्वारा बीईओ का अतिरिक्त प्रभार मध्यप्रदेश शासन के नियमों, संवैधानिक प्रावधानों तथा धारा 49 के मापदंडों के विपरित प्राप्त किया गया है।

कार्यकर्ताओं का आरोप है कि यह प्रभार जनजातीय कार्य विभाग इंदौर संभाग के उपायुक्त बृजेश पांडे की कथित सांठगांठ एवं पक्षपातपूर्ण निर्णय के कारण दिया गया। जबकि स्थानीय स्तर पर पात्र, वरिष्ठ एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अधिकारी उपलब्ध हैं।

आवेदन के बावजूद पद पर कायम

बताया है कि विनोद पाटीदार ने अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किए जाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था, फिर भी आज तक उन्हें कार्यमुक्त नहीं किया और वे डबल प्रभार पर बने हुए हैं। इस संबंध में जिला कलेक्टर की जनसुनवाई, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 तथा अन्य सक्षम अधिकारियों के समक्ष शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं। फिर भी कोई कार्रवाई नियम अनुसार नहीं की जा रही है।

शिक्षा व्यवस्था प्रभावित

मंच के अनुसार इस विवाद से छात्रवृत्ति वितरण, छात्रावास संचालन, विद्यालय निरीक्षण व प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे हजारों विद्यार्थियों और शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हाईकोर्ट में पीआईएल की तैयारी

आदिवासी विकास मंच के कार्यकर्ता एडवोकेट संतोष नरगावे एवं एडवोकेट अश्विनी वर्मा ने कहा है कि यदि शीघ्र ही धारा 49 के अनुसार पात्र अधिकारी को प्रभार नहीं दिया गया और अपात्र प्रभार समाप्त नहीं किया गया, तो मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय इंदौर खंडपीठ में जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की जाएगी।

प्रमुख मांगें

उपायुक्त बृजेश पांडे को तत्काल पद से हटाया जाए। उनके विरुद्ध उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराई जाए। अपात्र रूप से दिए गए सभी प्रभार आदेश निरस्त किए जाए। पात्र एवं वरिष्ठ आदिवासी अधिकारियों को नियम अनुसार प्रभार दिया जाए।

शिक्षा व्यवस्था में उत्पन्न अव्यवस्था को तत्काल समाप्त किया जाए। इस मामले में सबसे पहले तहसीलदार निवाली को ज्ञापन दिया गया था, जिसके चलते प्रभारी बीईओ पाटीदार ने डबल प्रभार के साथ निवाली से सहायक आयुक्त को कार्य मुक्त होने का आवेदन दिया था, लेकिन आज तक सांठगांठ के चलते पाटीदार को कार्य मुक्त नहीं किया, जो जिले में चर्चा का विषय है।

आदिवासी विकास मंच ने कहा कि यह मामला केवल प्रशासनिक पदस्थापना का नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकारों, पारदर्शिता और आदिवासी कर्मचारियों को न्याय दिलाने से जुड़ा हुआ है।

पूर्व के निर्णय भी विवादों में

आदिवासी विकास मंच ने आरोप लगाया कि इससे पूर्व भी उपायुक्त बृजेश पांडे ने पानसेमल में पदभार के लिए पात्र एक आदिवासी महिला अधिकारी को हटाकर अरुण मिश्रा को राजपुर और पानसेमल का दोहरा प्रभार प्रदान किया। यह निर्णय भी धारा 49 की भावना के विपरित बताते हुए आदिवासी कर्मचारियों की उपेक्षा का उदाहरण बताया गया है। मंच ने इस पूरे प्रकरण की जांच की मांग की है।

अजजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक का आगमन

पानसेमल, (नवभारत)। जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं मोर्चा जिलामंत्री विनोद वसावे के निवास पर महाराष्ट्र भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष एवं गडचिरोली विधानसभा से 2 बार के विधायक देवराव होली का आगमन हुआ। विनोद वसावे ने कुलदेवी मोगी माता का चित्र भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

विनोद वसावे ने बताया कि क्षेत्र के विकास एवं संगठनात्मक विषयों पर प्रदेशाध्यक्ष से सार्थक चर्चा हुई। उनके साथ नंदुरबार भाजपा एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वसावे का भी स्वागत किया।

इस अवसर पर यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष शिला विनोद वसावे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम सोनाने, वार्ड 15 पार्षद प्रतिनिधि महेश गोले, नितिन माली, दिनेश जाधव, अविनाश पवार सहित अन्य मौजूद रहे।

एक नजर में

विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर हुआ कार्यक्रम

बड़वानी। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर ग्राम रेहगुन और निवाली में उच्च रक्तचाप के प्रति जागरूकता बढ़ाने विशेष कार्यक्रम हुआ। जिसमें एसएचजीएस समूह की 35 महिलाओं और निवाली में 78 लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में सीएचओएस डॉ जितेंद्र मालवीय, एएनएम रजनी मुजालदे, आशा मंजुला, ट्राइबल हीलर्स एवं पिरामल फाउंडेशन की टीम द्वारा उच्च रक्तचाप के संकेत एवं लक्षण, जोखिम कारक, बचाव एवं नियंत्रण के उपायों पर जानकारी सांझा की गई। इस दौरान मौखिक संवाद एवं वीडियो शो से जनजातीय क्षेत्रों में बढ़ते प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में 49 सहभागियों की ब्लड प्रेशर जांच की। जिसमें 11 लोगों में उच्च रक्तचाप की संभावना पाए जाने पर उन्हें आगे की जांच एवं उपचार के लिए हैल्थ एंड वेलनेस सेंटर रैफर किया गया।

लक्ष्मीनारायण के जयघोष से गूंजी विद्याधाम की गौशाला

इंदौर . विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य एवं आचार्य पं . राजेश शर्मा के निर्देशन में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में रविवार को सुबह लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के शुभारंभ प्रसंग पर यज्ञशाला एवं आश्रम परिसर भगवान लक्ष्मीनारायण तथा यज्ञ देवता के जयघोष से गूँज उठे . यह आयोजन 15 जून तक चलेगा . श्रीविद्याधाम परिवार के सुरेश शाहरा, पं . दिनेश शर्मा एवं राजेन्द्र महाजन ने बताया कि लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का शुभारंभ सुबह आश्रम की यज्ञशाला में विद्वान आचार्यों की मौजूदगी में हुआ . महायज्ञ में तारादेवी गोपाल मालू, नितिन माहेश्वरी, नवीन तिवारी, गोपाल महाजन, पवन माहेश्वरी, मनीष शर्मा आदि शामिल हुए . महायज्ञ में प्रतिदिन 1100 आहुतियाँ समर्पित कर विश्व शांति, जन कल्याण एवं यज्ञ में भागीदार परिजनों के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की जाएंगी . विद्याधाम पर 26 मई से 11 जून तक भागवत का मूल पारायण भी प्रतिदिन सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा . इसी तरह गंगा दशहरा महोत्सव 17 से 25 मई तक प्रतिदिन सुबह 9 .30 से 12 बजे तक और दोपहर में 3 से 5 .30 बजे तक गंगाजी के दिव्य मंत्र से संपुटित श्री दुर्गा सप्तशती पाठ के साथ मनाया जाएगा . आश्रम परिवार के पं . दिनेश शर्मा ने बताया कि पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में विद्याधाम पर 18 से 24 मई तक पं . कमलेश दीक्षित के श्रीमुख से गोवर्धन भक्त महिला मंडल के तत्वावधान में भागवत कथा एवं 25 से 31 मई तक आचार्य राहुल कृष्ण शास्त्री के मुखारविंद से श्रीराम कथा का आयोजन सोढानी परिवार की मेजबानी में होगा।

भागवत के मूल पारायण का शुभारंभ

इंदौर . एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य मे रविवार को सुबह हंस पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी रामचरणदास एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास के सान्निध्य में 108 विद्वानों ने भगवान रणछोड़जी एवं टीकमजी सहित सभी देवी-देवताओं की साक्षी में भागवत के मूल पारायण का शुभारंभ किया . इसके पूर्व मठ परिसर में यजमानों एवं संत-विद्वानों ने नंगे पैर भागवतजी को मस्तक पर धारण कर परिक्रमा भी की . भागवतजी के साथ भगवान पुरुषोत्तम एवं टीकमजी के जयघोष के बीच विद्वानों ने पहले मंडल स्थापना की, फिर मंडल पूजन एवं गणेश अम्बिका पूजन के पश्चात भागवत एवं रामायण के पारायण तथा ओम नमो भगवते वासुदेवाय महामंत्र का जाप भी प्रारम्भ हुआ . मठ परिवार के महंत पं . अमितदास महाराज ने बताया कि मठ की परम्परा के अनुसार अधिकमास के उपलक्ष्य में रविवार से पूरे माह प्रतिदिन सुबह 9 से 12 एवं शाम 4 से 7 बजे तक 108 विद्वानों द्वारा यह दिव्य अनुष्ठान किया जाएगा जो 15 जून तक चलेगा . शोभायात्रा में भक्त मंडल के हरि अग्रवाल, अशोक गोयल, राजेंद्र सोनी, राजेंद्र गर्ग सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए . महंत अमितदास ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में प्रतिदिन आरती एवं ब्राह्मण तथा संतों के लिए प्रसादी भी होगी . सभी कार्यक्रमों की व्यापक तैयारियां शुरू हो गई हैं . मठ पर पुरुषोत्तम मास के दौरान भगवान के नौका विहार, फूलों की होली, संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ और अधिकमास की एकादशी पर विभिन्न विशेष उत्सव भी आयोजित होंगे। यह सम्पूर्ण आयोजन आश्रम स्थित गौशाला में पल रही गौमाता की साक्षी में होगा। मठ पर पूजा-अर्चना, दर्शन, गौसेवा, ब्राह्मण सेवा आदि के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।

कांग्रेस ने नगर में निकाली मशाल रैली

पानसेमल, (आरएनएन)। नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी ने जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद रविवार को पानसेमल ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने मशाल रैली निकाली। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि पाटिल ने बताया कि नगर के बनारिया धर्मशाला में बैठक के बाद कांग्रेस पार्टी पदाधिकारियों ने नीट परीक्षा पेपर लीक होने का विरोध जताया।

नगर के मुख्य मार्ग से मशाल रैली निकाली, जिसमें ब्लॉक कांग्रेस, अनुसांगिक संगठन सदस्य एवं कार्यकर्ता शामिल रहे। विरोध दर्ज करते हुए जमकर नारेबाजी की और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठौर कार्रवाई की मांग की।

इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष नानेश चौधरी, सेंधवा विधायक मोंटू सोलंकी, पोरलाल खरते, जपं उपाध्यक्ष लालसिंह पवार, पीसीसी सदस्य अजय मिश्रा, संगठन मंत्री नासिर खान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि पाटिल, खेतिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश सोनिस, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुभाषराव शितोले, राधेश्याम जगताप, मोंटा खेड़कर, प्रकाश खेड़कर, गोपाल भंडारी, कमलसिंह राजपूत, चंपालाल नावडे, कृष्णा पाटिल, धनराज सिरसाठ, दारासिंह सोलंकी, संजय चौहान, संजय पटेल, ऊषा दिलीप मोरे, बबलू नावडे, रफीक राठौड़, अशोक पवार, सरफराज कुरैशी, विष्णु बंजारा, जुगनू जाधव, राजकुमार पटेल, इमरान कुरैशी, जगन्नाथ मोरे सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नि :शुल्क नेत्र शिविर में 29 मरीजों की जांच

▶ मोतियाबिंद के 11 मरीजों का इंदौर में होगा लैंस प्रत्यारोपण

बड़वानी, (नवभारत)। लायंस क्लब बड़वानी सिटी द्वारा सन 2009 से मुख्यालय पर निरंतर नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से हजारों नेत्र मरीजों के नि:शुल्क लैंस प्रत्यारोपण किए जा चुके हैं। साथ ही ऑपरेशन के बाद मरीजों की जांच कर उन्हें उचित सलाह भी दी जाती है। इसी क्रम में 18 मई को लगे नि:शुल्क नेत्र शिविर में 29 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिनमें से मोतियाबिंद के 17 मरीज पाए गए।

केटी मंडलोई ने बताया कि सिविल सर्जन डॉ मनोज खन्ना के मार्गदर्शन में लायंस क्लब बड़वानी सिटी और चोइथराम नेत्र चिकित्सालय इंदौर द्वारा जिला अस्पताल परिसर में शिविर लगाया था। जिसमें जिले के अंजड़, पानसेमल, सिलावद, बोरलाय, जूनाझिरा से 29 नेत्र मरीज आंखों की जांच कराने आए।

महेश जोशी ने बताया कि डॉ पर्नवी पंडित, डॉ राहुल मल्होत्रा और संजय रावत ने नेत्र परीक्षण किया। वहीं बलराम सिंह ने ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की। वार्ड बाय सुधीर सोनाने ने शिविर की व्यवस्था सम्भाली। 4 मरीजों की ब्लड शुगर और 2 का ब्लड प्रेशर अधिक होने ने से लैंस प्रत्यारोपण नहीं किया जा सकता था। 11 मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए इंदौर भेजा।

सचिन शर्मा ने बताया कि लायंस क्लब द्वारा पूर्व में आयोजित नेत्र शिविर के लैंस प्रत्यारोपित मरीजों का परीक्षण भी चोइथराम नेत्र चिकित्सालय के डॉक्टर्स द्वारा किया गया। वहीं आगामी शिविर 1 जून को जिला अस्पताल परिसर में नहीं अन्यत्र लगाए जाएगा।

बाबा लोकनाथ कला सम्मान मुकुल नाग व सुरेश वर्मा को

इंदौर. शहर का प्रतिष्ठित बाबा लोकनाथ कला सम्मान समारोह शनि जयंती के अवसर पर हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ. वहीं रविवार शाम शनि देव पालकी में सवार होकर भक्तों को दर्शन देने निकले. शनि जयंती के पर्व पर सुबह से देर रात्रि तक भक्तों की रही भीड़.

इस वर्ष बाबा लोकनाथ कला सम्मान अभिनेता साईं बाबा सीरियल फेम मुकुल नाग को वर्ष 2024 व इंदौर के प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक और लेखक सुरेश वर्मा बंजारिया को दिया गया. दादू महाराज संस्थान द्वारा वर्ष 2008 से आयोजित यह सम्मान आसाम के प्रसिद्ध संत बाबा लोकनाथ के नाम से संगीत, कला, अभिनय, नृत्य, लेखन आदि के क्षेत्र में यह पुरस्कार दिया जाता है. इस अवसर पर अभिनेता मुकुल नाग ने श्री कृष्ण धारावाहिक में किए अपने सुदामा चरित्र का कृष्ण सुदामा मिलन का एक अंश सभी श्रद्धालुओं के सामने प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया. उन्होंने कहा कि दादू महाराज संस्थान से यह प्रतिष्ठित सम्मान पाकर मैं अपने आप को सौभागशाली मानता हूं. इस अवसर पर मुख्य अतिथि कथावाचक मयंक व्यास, संत राजू दादा शास्त्री, विधायक मालिनी गौड, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, केंद्रीय जेल अधीक्षक अलका सोनकर, पार्षद हरप्रीत कौर लूथरा, समाजसेवी गोपाल गोयल, प्रमोद टंडन, ललित पोरवाल, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, पार्षद शिखा संदीप दुबे, एमआईसी मेंबर अश्विनी शुक्ल, पार्षद सोनाली धारकर, पार्षद संगीता चौधरी, पार्षद योगेश गेंदर, महापौर प्रतिनिधि भरत पारख, कांग्रेस नेता अनुरोध ललित जैन, हिमांशु यादव, भाजपा नेता रानू अग्निहोत्री, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सौगात मिश्रा, भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अमित पालीवाल, अखिलेश शाह, टीनू जैन, संतोष रघुवंशी, मोहित संतोष वर्मा, अभय वर्मा, रामबाबू अग्रवाल,हरिनारायण यादव सहित कई श्रद्धालु जन उपस्थित थे. समारोह का संचालन अलका सैनी ने किया. अतिथियों का स्वागत संस्थान के प्रताप तोलानी, आशीष साहू, मनोज हार्डिया ने किया. आभार अशोक भुसारी ने माना.

पालकी यात्रा निकाली

वही रविवार संध्या 6 बजे से पालकी यात्रा आयोजित हुई, जिसमें प्रभु शनिदेव भक्तों को दर्शन देने निकले . महामंडलेश्वर डॉ . दादू महाराज के पावन सानिध्य में यात्रा मन्दिर से प्रारंभ होकर उषा नगर क्षेत्र में भ्रमण कर गजासीन शनिधाम द्वारा से होकर पुन : मन्दिर परिसर पहुंची . यात्रा में भक्त भजनों पर झूमते नाचते हुए शनिदेव के जयकारे लगाते रहे . मन्दिर पहुंचकर तत्पश्चात शनिदेव की आरती हुई। भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया .

एयरपोर्ट पर हंगामा : जवान से झूमाझटकी, राइफल छीनने की भी कोशिश

▶ पार्किंग एरिया में टैक्सी लगाने को लेकर हुआ था विवाद

इंदौर. अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पार्किंग एरिया में टैक्सी लगाने को लेकर शुरू हुआ विवाद अचानक गंभीर हो गया. विवाद के चलते दो युवकों ने ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा जवान से झूमाझटकी कर उसकी एके-47 राइफल छीनने की कोशिश की. मौके पर मौजूद अन्य जवानों ने तत्काल हस्तक्षेप कर दोनों को पकड़ लिया. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेज दिया है.

घटना उस समय की है, जब एयरपोर्ट परिसर में सुरक्षा के मद्देनजर वाहनों को पार्किंग में व्यवस्थित खड़ा कराया जा रहा था. इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात जवान ने टैक्सी चालकों को लाइन में वाहन लगाने के निर्देश दिए. इस बात पर दो युवक भड़क गए और बहस करते-करते हाथापाई पर उतर आए. विवाद बढ़ते ही दोनों ने जवान पर झपट्टा मारते हुए उसकी सर्विस राइफल छीनने का प्रयास किया. हालांकि, आसपास मौजूद अन्य सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत दोनों युवकों को काबू में कर लिया. सूचना मिलते ही एयरोड्रम थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया. प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दोनों सगे भाई हैं और टैक्सी चलाते हैं. पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट और हथियार छीनने की कोशिश जैसी धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई की है. मामले में एडीसीपी अमरेन्द्र सिंह का कहना है कि एयरपोर्ट जैसे संवेदनशील स्थल पर इस तरह की हरकत को गंभीरता से लिया जा रहा है. आगे भी सख्त निगरानी रखी जाएगी.

परंपरागत रस्मों के बीच मनाया दिव्यांग युगल का विवाह समारोह

इंदौर. पंचकुइया स्थित युगपुरुष धाम पर एक दिव्यांग युवा का विवाह समारोह धूमधाम से परंपरागत रस्मों के बीच मनाया गया. युगपुरुष धाम के 28 वर्षीय राजेश सोलंकी का विवाह हरदा की 22 वर्षीय युवती संगीता के साथ बिलकुल घर परिवार के विवाह जैसे जश्न के साथ मनाया गया.

इसमें संस्था के सचिव तुलसी धनराज शादिजा, अध्यक्ष जाह्नवी पवन ठाकुर, प्राचार्य डॉ. अनिता शर्मा, डॉ. अंकुर अग्रवाल, डॉ. अनुजा त्रिपाठी, बालकल्याण समिति के अध्यक्ष धर्मेन्द्र पंड्या, महिला बाल विकास विभाग के बाल संरक्षण अधिकारी रजनीश सिन्हा, सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त संचालक पवन चौहान, महिला बाल विकास की उपसंचालक अंशु बाला मसीह एवं उनकी टीम के सदस्यों ने शामिल होकर नवयुगल को उपहारों सहित विदाई दी. प्राचार्य डॉ. अनिता शर्मा ने बताया कि राजेश सोलंकी अपनी शारीरिक दिव्यांगता के चलते पिछले 9 वर्षों से संस्था में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं. उनका विवाह हाल ही में एक सामूहिक विवाह सम्मेलन में 22 वर्षीय युवती संगीता के साथ सम्पन्न हुआ. विवाह के आशीर्वाद समारोह में युगपुरुष धाम के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने खूब नृत्य किए और दिव्यांग होते हुए भी नवयुगल को अपने साथ नृत्य करने का अवसर दिया.

तनाव मुक्त जीवन से स्वस्थ मन और स्वस्थ हृदय का संदेश

इंदौर. ब्रह्माकुमारिज के ओम शांति भवन में विश्व हाइपर टेंशन डे के अवसर पर तनाव मुक्त जीवन, स्वस्थ मन एवं स्वस्थ हृदय विषय पर विशेष कार्यक्रम एवं नर्सेस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में शहर के अनेक डॉक्टर्स, नर्सेस एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की.

मुख्य वक्ता राजयोगिनी डॉ. बीके अनुराधा दीदी ने कहा कि परमात्मा ही वह पावर बैंक हैं, जिनसे जुड़कर हम स्वयं को गुणों और शक्तियों से चार्ज कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि क्रोध, तनाव और भय की भावना ही हाइपर टेंशन का मुख्य कारण है. केवल दवाइयों से ही नहीं, बल्कि मेडिटेशन के माध्यम से भी इस बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सकता है. वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सतीश फाटक ने कहा कि हाइपरटेंशन का मुख्य कारण तनावपूर्ण जीवनशैली, गलत खानपान, असंतुलित दिनचर्या एवं पारिवारिक विवाद हैं. जस्टिस बी. डी. राठी ने कहा कि सकारात्मक चिंतन द्वारा मन को स्वस्थ रखना अत्यंत आवश्यक है. डॉ. नितिन साहू ने नियमित स्वास्थ्य जांच कराने एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने पर बल दिया. वहीं डॉ. प्रियंका ने कहा किआत्मा के लिए ध्यान आवश्यक है, जो आंतरिक शक्ति प्रदान करता है.

सेशन जज विनोद राठी ने कहा कि ध्यान योग से मिलने वाली आंतरिक शांति मन एवं तन दोनों को स्वस्थ बनाती है. कुलपति आचार्य डॉ. विजयकुमार सालवी ने लाफिंग एवं क्लैपिंग थेरेपी करवाई. अंत में उपस्थित सभी नर्सेस का सम्मान किया गया.

ज्ञान, साधना और संस्कारों के शिविर का शुभारंभ

▶ वीतराग-विज्ञान आध्यात्मिक शिक्षण-प्रशिक्षण शिविर

इंदौर. तीर्थधाम ढाईदीप, इंदौर आज एक बार पुन: जिनवाणी, अध्यात्म और संस्कारों की दिव्य प्रभा से आलोकित हो उठा, जब पंडित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट द्वारा संचालित एवं कुन्दकुन्द कहान शासन प्रभावना ट्रस्ट, इंदौर के तत्वावधान में आयोजित 58वें श्री वीतराग-विज्ञान आध्यात्मिक शिक्षण-प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन हुआ.

कार्यक्रम का शुभारंभ शिविर ध्वजारोहण के साथ हुआ, जिसका पुण्य अचरजदेवी एवं घेवरचन्द ओसवाल परिवार, पीतल फैक्ट्री, जयपुर को प्राप्त हुआ. नित्यनियम पूजन के उपरांत आध्यात्मिक सतपुरुष कानजीस्वामी के समयसार विषयक दिव्य प्रवचनों का लाभ सभी को मिला. आध्यात्मिक सतपुरुष कानजीस्वामी के मंगलिक के साथ सभा का शुभारंभ हुआ. शिविर के उद्घाटनकर्ता अशोक जैन 'अरिहंत कैपिटल' रहे. इस अवसर पर महान विभूतियों के चित्रों का अनावरण भी हुआ. उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता अशोक बड़जात्या ने की.

एक नजर में

▶ खजराना गणेश मंदिर परिसर में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में निकली पहली शोभायात्रा

श्रीमद्भागवत की छत्रछाया में भूल से भी चले जाएं तो पाप कर्मों का नाश संभव

इंदौर . कलियुग में हरि और भगवान का नाम सबसे सरल माना गया है . पुरुषोत्तम मास को स्वयं भगवान विष्णु ने अपना नाम दिया है इसलिए इस माह में की गई भक्ति और साधना का अनंत गुना फल माना गया है . भागवत ऐसा अनुपम और दिव्य ग्रन्थ है जिसकी छत्रछाया में यदि हम भूल से भी चले जाएं तो हमारे सभी जाने-अनजाने में किए गए पाप-कर्मों का नाश होता है . भागवत स्वयं भगवान की वाणी है और 5 हजार वर्षों बाद भी देश के गाँव-गाँव और गली-गली में भागवत की गूंज बने रहना इस बात का प्रमाण है कि भागवत, भारत, भगवान, भक्ति और भक्त-ये सब एकदूसरे के पूरक और पर्याय हैं . इनकी महत्ता किसी भी काल में कम नहीं हो सकती।ये विचार हैं भागवताचार्य पं . पुष्पानंदन पवन तिवारी के, जो उन्होंने सप्त ऋषि भागवत मंडल के तत्वावधान में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में रविवार को सुबह खजराना गणेश मंदिर स्थित सत्संग सभागृह में प्रारम्भ हुए भागवत ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ सत्र में व्यक्त किए . इसके पूर्व मंदिर परिसर में भागवतजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो पुरुषोत्तम मास के प्रसंग पर शहर की पहली शोभायात्रा थी। शोभायात्रा में महिलाएं लाल चुनरी एवं पुरुष चुनरी की जैकेट पहनकर शामिल हुए .

निष्काम भक्ति ही सच्ची

भागवत की महत्त बताते हुए पं . तिवारी ने कहा कि भागवत और भगवान का नाम सदैव अमर है . जीने की कला रामायण और मरने की कला भागवत सिखाती है . भागवत हम हजारों वर्षों से सुनते आ रहे हैं फिर भी यह हमेशा नूतन एवं प्रेरक है . भगवान की भक्ति निर्मल मन से की जाना चाहिए .